## न्यूज ब्रीफ

### संयुक्त मंत्री अवधेश ने ली पद की शपथ

**कानपुर देहात।** जिला बार एसोसिएशन में संयुक्त मंत्री (प्रकाशन) पद पर निर्वाचित अवधेश कुमार निर्मल ने बुधवार को शपथ ग्रहण की। मंगलवार को अस्वस्थता के कारण वह शपथ नहीं ले सके थे। बुधवार को अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं प्रमाणपत्र दिया। इस अवसर पर निर्वाचन समिति प्रभारी रमेश चन्द्र सिंह गौर, पूर्व अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, पूर्व महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर, संयुक्त मंत्री जयगोपाल राजपूत, प्रमोद कुमार नायक, श्याम सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

### दो सौ से अधिक वाहनों का चालान

**कानपुर देहात।** यातायात नियमों की जांच के लिए पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान बुधवार को भी जारी रहा। अलग अलग जगहों पर पुलिस ने 222 वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट के वाहन, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट , बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने आदि के मामले जांचे गए। पुलिस ने बताया कि अभियान जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

### जन सुनवाई के लिए जूम से जुड़े अफसर

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के भीतर किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रशासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ हो। जनसुनवाई को प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के समस्त अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

### सपा नेता ने कार्यालय में लोगों से की भेंट

**कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वीर सेन यादव बुधवार को जनसंपर्क कार्यालय में बैठे। वह आम जनता से रूबरू हुए और समस्याओं को सुना। इसके बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि देश और प्रदेश की सरकार आम जनता की समस्याओं का निदान नहीं कर पा रही है। पूरे प्रदेश में भाई और दहशत का वातावरण है। किसान गरीब मजदूर और नौजवान अपने को ठगा महसूस कर रहा है। जहां एक तरफ किसने की फसल की कटाई का मौका है तो भारी पैमाने पर विद्युत की कटौती हो रही है। वहीं गैस पेट्रोल और डीजल की बड़ी समस्या किसानों के सामने है। सपा नेता ने कहा 2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है।

# संगसियापुर में तनाव कम करने पहुंचे डीएम और एसपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय बुधवार को संगसियापुर में तनाव कम करने के लिए गांव पहुंचे। उन्होंने गांव वालों के साथ बैठक की और सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। आश्वस्त किया कि प्रशासन अपना काम गंभीरता से कर रहा है।

संगसियापुर गांव में बीते दिनों बौद्ध कथा हुई थी। इसके समापन पर बवाल हुआ। डा अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई। इसके बाद दोनों ओर से मुकदमे कायम कराए गए। दो लोग पुलिस की गिरफ्त में हैं। गांव में तनाव है। बात आगे न बढ़े और गांव में अमन चैन कायम रहे, इसके लिए प्रशासन ने पहल शुरू की है।

बुधवार को संगसियापुर गांव के सभी पक्षों, प्रमुख नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक उच्च स्तरीय शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी दशा में कानून व्यवस्था को हाथ में न लेते हुए, शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति सामूहिक रूप से रोकी जाए। इसके साथ ही दोनों पक्षों द्वारा आपसी तनाव को समाप्त करते हुए सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दी जाए। किसी भी प्रकार की उत्तेजनापूर्ण गतिविधि या वाक्य से बचा जाए। पंजीकृत दोनों मुकदमों की विवेचना में विधिक प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। कोई भी पक्ष विधि के समक्ष अवमानना या बाधा उत्पन्न न करें।


बुधवार को हुई बैठक में शामिल संगसियापुर गांव के लोग। अमृत विचार

- पिछले दिनों बौद्ध कथा के समापन पर गांव में हुआ था बवाल
- दोनों पक्षों की ओर से दर्ज कराए गए हैं मुकदमे, गांव में तनाव


डीएम और एसपी ने दोनों पक्षों के लोगों को भरोसा दिलाया। अमृत विचार

एसपी ने कहा कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु स्थानीय पुलिस को सतत अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी व्यक्ति या समूह कानून अपने हाथ में न ले। किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया जाए। अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासन के एडीएम अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी संजय सिंह, उप जिलाधिकारी नीलमा यादव, अकबरपुर तहसीलदार पवन कुमार, प्रभारी निरीक्षक हरमीत सिंह सहित संगसियापुर और आसपास गांवों के लोग उपस्थित रहे।

# अमरौधा क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत बढ़ी

संवाददाता, राजपुर

- तल्ख धूप में गैस सिलेंडर के लिए तप रहे आसपास गांवों के लोग

**अमृत विचारः** इस समय गैस की मारामारी में आमजन मानस इस कदर हलाकान है कि गैस के लिए सैंकड़ों लोग सुबह ही लाइन में खड़े हो जाते और लम्बे इंतजार के बाद भी गैस नहीं मिल पा रही है। सट्टी गांव में कड़कती धूप में सैकड़ों लोग परेशान होकर लौट है।

अमरौधा क्षेत्र के सट्टी गांव स्थित गैस एजेंसी में हर दिन सुबह से शाम तक सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण गैस के लिए मारामारी कर रहे हैं। एक ओर सरकारी मशीनरी कह रही है कि गैस की कमी नहीं है। गलत अफवाह फैलाई जा रही है, ऐसे लोगों की अफवाहों में ना आएं। एसडीएम और तहसीलदार एजेंसियों में रखे गैस सिलेंडर स्टाक चेककर सही बता रहे हैं। दूसरी ओर आम नागरिक गैस के लिए जूझ रहा है। गैस नहीं मिल पा रही है। शाहजहांपुर, मदारीपुर, पचलख, मऊ, जहांगीरपुर, किशुनपुर, कथरी, खरका, स्स्वारुपपुर, बहेरीमाह, ढिचकी, अफसरिया, देवब्रम्हापुर, नेराकृपालपुर आदि एक सैकड़ा गांव भारत गैस एजेंसी के दायरे में आते है। हाल यह है कि हर दिन सैकड़ों लोगों को गैस के लिए कड़कती धूप में खड़े होकर गैस की मारामारी कर रहे हैं। मगर उन्हें गैस मिलना मुश्किल हो रही है। गैस उपभोक्ताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि अधिकारी आते है और माल काटकर चलते बनते है। अधिकारियों के सामने इसी तरह सैकड़ों लोगों की भीड़ गैस में लगी रहती है। गैस उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। भोगनीपुर एसडीएम देवेंद्र सिंह ने बताया कि बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को गैस मिल रही है।

# रेशमा का एक भाई हत्थे चढ़ा, दूसरे की तलाश

## पिता का मकान नाम होने की खुन्नस में बेलचा से की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के मूसानगर कस्बे में सोमवार की रात बहन की हत्या करने वाले भाइयों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बेलचा भी बरामद किया है। मकान के विवाद में हत्या करने की बात उसने कुबूल की है।

पति से अनबन के बाद मायके में रह रही रेशमा 40 वर्ष की सोमवार की रात नृशंस हत्या कर दी गई थी। उसकी लाश घर के एक कमरे में मिली। सिर पर गहरा जख्म था। काफी खून भी निकला। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची उसकी बहन सीमा ने भाइयों मोइनुद्दीन और नियाज़ पर रेशमा की हत्या का इल्ज़ाम लगाया। उसने बताया कि पिता जीवित अवस्था में रेशमा को एक मकान दे गए थे। रेशमा उसके आधे हिस्से में रह रही थी, जबकि आधे का निर्माण होना बाकी था। सीमा का आरोप था कि पिता द्वारा मकान दिए जाने की खुन्नस में भाइयों ने रेशमा को मौत के घाट उतारा।


पुलिस की गिरफ्त में रेशमा का कातिल।

इस घटना के संबंध में भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हरदुआ पुखरायां में परवेश को ब्याही रेशमा की बहन सीमा ने तहरीर दी थी। उसने भाई बड़े उर्फ मैनुउदीन पुत्र अहमद, शाजदा पत्नी मैनुउद्दीन, नियाजुद्दीन उर्फ नियाज पुत्र अहमद तथा चार-पाँच अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया। घटना के संबंध में धारा 191(2)/103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा कायम किया गया। थाना मूसानगर पुलिस टीम ने नामित आरोपियों में से एक नियाजुद्दीन उर्फ नियाज उम्र 42 वर्ष पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर को हलिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक नियाजुद्दीन उर्फ नियाज उपरोक्त की निशादेही पर आलाकत्ल बेलचा(सब्बल) की बरामदगी घटना स्थल मृतका के घर के पास से की गई है।

### तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत

**रनियां।** उच्च प्राथमिक विद्यालय फत्तेपुर रोशनाई में सत्रारंभ के साथ कक्षा एक में प्रवेश पाने वाले बच्चों का अध्यापकों ने तिलक लगाकर प्रवेश कराया। पहले दिन पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

सरवनखेड़ा के बीईओ अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि पुस्तकें आने से सत्र के प्रथम दिन से ही शिक्षक बच्चों का पाठ्यक्रम पूरा कराएंगे। प्रभारी जिला समन्वयक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि पुस्तकों के क्यूआर कोड स्कैन कर शिक्षक दीक्षा एप के माध्यम से रुचि पूर्ण शिक्षण करा सकते हैं। इसके पूर्व स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। नोडल एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने संचारी रोगों से बचाव की शपथ दिलाई। बच्चों ने जादू का भी मजा लिया। यहां कुसुमलता यादव, देवेशधर दुबे, संत कुमार दीक्षित, अजय गुप्ता, अंकित मिश्रा, ऋषभ बाजपेई, महेंद्र कटियार, माधुरी सचान, शशिप्रभा, बीना दीक्षित, अंजलि, सुनीता, मधु, मनोज, हेमलता, साधना, सीमा द्विवेदी, अर्चना, मिथलेश, आरती खरे रहीं।

# पत्नी के मायके से नहीं आने से परेशान युवक ने दी जान

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** एक युवक ने बुधवार की सुबह कमरे के पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। शव लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी ममेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए उसके साथ मायके गई थी, लेकिन साथ नहीं लौटी थी। पुलिस और फारेंसिक टीम ने छानबीन की।


विजय कुमार।

शिवली के निराला नगर निवासी विजय कुमार (32) की डेढ़ वर्ष पूर्व रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम शिवाभीरा निवासी सपना के साथ शादी हुई थी। विजय कुमार अपनी पत्नी सपना व मां कैलाश देवी के साथ नए मकान में रहता था, जबकि उसके पिता दिवारीलाल, भाई सिद्धू, नेता, सुनील, अनिल, अमित, बहन मधु व रन्नो पास के पुराने मकान में रहते हैं । एक सप्ताह पूर्व सपना पति विजय कुमार के साथ अपने मायके गई थी, जहां शुक्रवार को ममेरे भाई की शादी में दोनों शामिल हुए थे। वहां से विजय कुमार रविवार को अकेले घर आ गया, जबकि पत्नी सपना मायके में रुक गई थी। सपना के वापस न आने के कारण विजय कुमार परेशान था। मां कैलाश देवी ने बताया कि विजय कमरे में लेटा था। पास वाले कमरे में वह लेटी थी। भोर पहर विजय काफी देर तक फोन पर अपनी पत्नी से बात करता रहा। इसके बाद उसने फांसी लगा ली। दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब नहीं खुला तो उसने अनहोनी की आशंका के चलते अपने पति व पुत्रों को जानकारी दी। सिद्धू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में विजय का शव लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने नमूने संकलित किए। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पत्नी के मायके से न आने के कारण युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।


आत्महत्या के बाद गमगीन परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

### प्रशिक्षण को लेकर भाजपा की बैठक

**रसूलाबाद।** बुधवार को रसूलाबाद मंडल अध्यक्ष के आवास पर भाजपा की बैठक हुई। इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष रेणुका सचान और विधायक पूनम संखवार ने प्रशिक्षण तैयारी की समीक्षा की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को झींझक के शांति विद्या निकेतन में प्रशिक्षण आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, विचारधारा, कार्यपद्धति और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण में रसूलाबाद, झींझक, तिश्ती और कहिंजरी मंडल के भाजपाई शामिल होंगे। यहां मंडल अध्यक्ष केपी सिंह, गौरव सिंह गौर, महामंत्री गोपी सेंगर, टिल्लू तिवारी, रानू मिश्रा, रामआसरे, जितेंद्र दुबे, संतोष प्रताप सिंह, बलराम संखवार आदि रहे।

# रक्तदान को आगे आए महादानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** बुधवार को जय मां वैष्णो सेवा समिति झींझक श्याम मित्र मंडल एवं पवन गंगा सेवा संस्थान कानपुर की ओर से कस्बे के एक गेस्ट हाउस में 8वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आधा सैकड़ा से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र दिए गए।

रक्तदान कार्यक्रम में नगर के अमित गुप्ता मोनू, हनी गुप्ता, सनी गुप्ता, सचिन शुक्ला नगर अध्यक्ष, मानू पांडेय मार्बल, रामजी दुबे, चंद्रप्रकाश अग्निहोत्री, सौरभ गुप्ता मिष्ठान, अजय भदौरिया, रोहित कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, जैद खान सहित 62 रक्तदाताओं ने रक्तदान करते हुए रक्तदान महादान अभियान को संपन्न किया। कानपुर के डॉ. एएस गुप्ता, ब्रजेश कुमार, अनुराग, ईशा सिंह, स्मिता देवी आदि आईएमए चौरिटेबल ब्लड सेंटर से आई चिकित्सक टीम ने सभी डोनर का ब्लड एवं वजन परीक्षण किया। आयोजकों ने रक्तदाताओं को फलाहार कराने के बाद उन्हें पानी की मिल्टन बोतल व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सभी आगंतुकों को स्वल्पाहार कराया गया। शिविर में प्रमोद गुप्ता, रविन्द्र पालीवाल, विनोद कुमार, डॉ. रामऔतार सक्सेना, बबलू गुप्ता, पीजीएसएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष निखिल पोरवाल, छोटे पोरवाल, कमलदीप शर्मा, विपिन शर्मा, कन्हैया पोरवाल सभासद, अजय शर्मा आदि रहे।



शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। अमृत विचार

- फलाहार कराने के बाद उपहार और प्रशस्ति पत्र सौंपे गए

### सच्ची लगन से ही खुश होते भगवान

**रसूलाबाद।** ईश्वर की शरण में जाने के लिए उम्र नहीं मायने नहीं रखती। इसके लिए निःस्वार्थ प्रेम और सच्ची लगन की आवश्यकता होती है। व्यक्ति को अपमान के बदले प्रतिशोध की बजाय ईश्वर की भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए, क्यों कि सही मार्ग अपनाने से जीवन की दिशा बदल जाती है।

यह बात जोत के शंकर जी मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को व्यास हरिओम दीक्षित ने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि उम्र चाहे कितनी भी कम हो यदि हौसला, मेहनत और सच्ची लगन है तो ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। ध्रुव की तरह सांसारिक दुखों से ऊपर उठकर ईश्वर में अटूट आस्था रखने से मनुष्य अपना जीवन सफल और अटल बन सकता है।


सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

# सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षामित्रों को गीता भेंट

संवाददाता, रसूलाबाद

- ढोल-नगाड़े बजाकर सभी शिक्षकों को दी गई विदाई

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों का बुधवार को विदाई समारोह का आयोजित हुआ। बीईओ अजब सिंह ने सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और गीता ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित शिक्षकों और अधिकारियों ने नए शिक्षकों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। इसके साथ ही शिक्षा प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका को भी प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ अजब सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. मुकेश दिवाकर ने सेवानिवृत्त शिक्षकों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की।समारोह के दौरान वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबे सेवाकाल, उनके योगदान और शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर संविलियन विद्यालय मकरंदपुर इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजेश कुमार अवस्थी, संविलियन विद्यालय मोती पुरवा के सहायक अध्यापक श्रीधर सिंह, संविलियन विद्यालय मऊ सहायक अध्यापक विश्राम सिंह, शिक्षामित्र वीरेंद्र कुमार (सिठउपुरवा), शिक्षामित्र मधुशाला (निभू) व जूनियर हाई स्कूल बिल्हा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इसरार खां सहित कुल 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और गीता ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में शिक्षा प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सिठऊपुरवा प्राथमिक विद्यालय की छात्रा आरूषि को भी प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में ढोल-नगाड़ों के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। सभी ने उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। इस मौके पर शिक्षक संघ के पदाधिकारी मोहम्मद जावेद (मंत्री), अरुण कमल (कोषाध्यक्ष), सुखदेव बाबू (ब्लॉक संयोजक), अनिल राठौर (अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ), वीरेंद्र, वरिष्ठ शिक्षक कंचन लता, प्रीति सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और शिक्षकों के परिजन उपस्थित रहे।

# नगर से लेकर गांवों तक होगी सफाई व फागिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान घर-घर जागरूक करेंगी टीमें

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का अकबरपुर सीएचसी में हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने को कहा गया।

डीएम ने स्वस्थ व्यवहार अपनाने और संचारी रोगों (डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, दिमागी बुखार आदि) को हराने की अपील की। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु घरों के आसपास सफाई, पूरी बांह वाली कमीज और फुल पैंट पहनने, स्वच्छ पानी पीने, जलजमाव रोकने, कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखने और बच्चों का टीकाकरण कराने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गमलों, क्यारियों की नियमित सफाई, पुराने टायर, कबाड़ में पानी का जमाव रोकने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। पानी की टंकी को ढक कर रखें, नालियों की सफाई रखें। हैंडपंप के पास पानी जमने न दें। कूलर-फ्रिज की सफाई करें। इस अभियान के तहत सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा छिड़काव, फागिंग कराई जाएगी। आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के बारे में जागरूक भी करेंगी। दोनों अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेंगे। इस मौके पर सीएमओ डॉ. एके सिंह, डिप्टी सीएमओ डा. डीके सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉ. आईएच खान, डॉक्टर, आंगनबाड़ी, आशा, एएनएम आदि उपस्थित रहे।

**बैठक** | सीडीओ ने की 15वें वित्त आयोग से संबन्धित योजनाओं की प्रगति समीक्षा की

# बैठक से गैरहाजिर सचिवों का रुकेगा वेतन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, पंचायत सचिवों तथा तकनीकी कार्मिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए, ताकि लाभार्थियों का सत्यापन पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से हो सके। उन्होंने फार्मर आईडी के निर्माण/सत्यापन में तेजी लाने, छूटे हुए परिवारों का सर्वे कर पंजीकरण पूर्ण कराने तथा डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी क्रम में अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने, भू-अभिलेखों से मिलान कर डेटा अपडेट रखने तथा कृषि विभाग, राजस्व विभाग और पंचायत स्तर के कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्राप्त धनराशि के नियोजित एवं पारदर्शी उपयोग, कार्यों की समयबद्ध पूर्णता, गुणवत्ता नियंत्रण तथा ऑनलाइन पोर्टल पर समय से प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ विधान जायसवाल। अमृत विचार

वहीं अकबरपुर ब्लॉक के सचिव अभिषेक शुक्ला द्वारा 15वे वित्त आयोग में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करने के निर्देश दिए। वहीं सचिव दीपिका यादव ,आकाश कुमार ब्रह्मराज बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए जिस पर उन्होंने उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में दैनिक प्रगति की समीक्षा करें, फील्ड मॉनिटरिंग बढ़ाएं तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त श्रम रोजगार अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, उपकृषि निदेशक एवं समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- संवाद : गुमटी क्रासिंग के पास सेलिब्रेशन होटल में व्यापारी उद्यमी संवाद समारोह शाम 04:15 बजे।
- उत्सव : कमला टॉवर सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर समवाणी भोग व सुन्दर कांड 10 बजे से।
- पनकी हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव कार्यक्रम सुबह 4 बजे से।
- सतीचौरा घाट कैंट बालाजी मंदिर में कार्यक्रम शाम 6 बजे से।
- प्रार्थना सभा : पांडु नगर में चर्च आफ क्राइस्ट में प्रभु ईशु पर कार्यक्रम दोपहर 12 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### विवि की छात्रा का दर्ज हुआ बयान

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास के मामले में बुधवार को जांच समिति ने छात्रा के बयान दर्ज किए। समिति की ओर से छात्रा के बयान के साथ ही आरोपित छात्रों से भी पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि जांच के लिए गठित आंतरिक शिकायत समिति ने जांच के दौरान छात्रों ने इस तरह के किसी भी घटना की पुष्टि नहीं की है। विश्वविद्यालय के सूत्रों का कहना है कि समिति ने सबसे पहले उस दिन के सीसीटीवी की फुटेज दिखाने की मांग की, लेकिन उस दिन का डाटा बैकअप में नहीं था। इसके बाद जांच समिति ने घटना के पूरे दिन का डाटा रिस्टोर कराया, इसके बाद पीड़िता के बयान और घटना के समय व पूरे दिन का फुटेज देखा। फुटेज में आरोपित एक छात्र के मौके पर नहीं होने की बात सामने आ रही है।

### अभिव्यक्ति की हुई शुरुआत

**कानपुर।** क्राइस्ट चर्च कॉलेज में अभिव्यक्ति की बुधवार को शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. विनय जे. सेबेस्टियन ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पाँच टीम अग्नि, आकाश, ब्रह्मोस, शौर्य और निर्भया ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान टीम आकाश व द्वितीय स्थान टीम शौर्य को मिला। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. विभा दीक्षित के निर्देशन में हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के समन्वयक प्रो. शालिनी कपूर, सदस्यों में डॉ. मनीष कपूर, डॉ. आशुतोष कुमार, प्रो अंजलि एवं डॉ. मनीषी त्रिवेदी ने मौजूद रहीं।

# 68.66 करोड़ से बहुरेंगे कालिंदी और महावीर नगर के दिन

## दोनों इलाकों को कानपुर-आगरा हाईवे से जोड़ने के लिए सड़क बनाई जाएगी, अंडरपास भी बनेगा

**विकास की राह**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन के नीचे यातायात की सुगमता के लिए बनाया जाएगा बड़ा अंडरपास
- लोगों के मकानों के ऊपर या करीब से गुजर रही एचटी लाइन को किया जाएगा दूर शिफ्ट
- पूरी परियोजना को वित्तीय व प्रशासनिक मंजूरी, 24 करोड़ की पहली किश्त हुई जारी

**अमृत विचार।** पनकी क्षेत्र के कालिंदी नगर और महावीर नगर में रहने वाले लोगों को कनेक्टिविटी और एचटी लाइन की समस्या का 68.66 करोड़ रुपये से समाधान होगा। 45 मीटर लंबी सड़क बनाकर दोनों इलाकों को सीधे कानपुर-आगरा हाईवे से जोड़ दिया जाएगा। इसके साथ ही करीब से गुजर रही दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन के नीचे बड़ा अंडरपास बनाया जाएगा। अभी यहां जो अंडरपास है, उसकी चौड़ाई अधिक नहीं है। यही नहीं इस इलाके में मकानों के ऊपर या करीब से गुजर रही एचटी लाइन की शिफ्टिंग भी की जाएगी। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की इस पूरी परियोजना को शासन की व्यय वित्त समिति ने मंजूरी प्रदान करते हुए पहली किश्त के रूप में 24 करोड़ 3 लाख रुपये जारी भी कर दिए हैं।

कालिंदी नगर स्टील अथॉरिटी और हावड़ा-दिल्ली रेल ट्रैक के बीच में बसा है, जबकि ट्रैक पार करके महावीर नगर पहुंचा जा सकता है। अभी यहां रेलवे ट्रैक के नीचे अंडरपास बना हुआ है, लेकिन यह बढ़ती आबादी को देखते हुए पर्याप्त नहीं है, इसीलिए अब काफी चौड़ा रेलवे अंडरपास बनाया जाएगा, ताकि दोनों ओर से वाहन आसानी से निकल सकें। इसी तरह कानपुर-इटावा-आगरा हाईवे से यहां शताब्दी नगर तक सड़क बनी है, जिसे 45 मीटर और विस्तार देने से कालिंदी और महावीर नगर दोनों इलाकों के हाईवे से सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी। एक अन्य बड़ी समस्या इस इलाके से गुजरने वाली एचटी लाइन है, जो बड़ी संख्या में लोगों के आवास के ऊपर से गुजर रही है, इस कारण लोग हादसे की आशंका से भयभीत रहते हैं। इसी एचटी लाइन को अब आवासीय क्षेत्र से शिफ्ट किया जाना तय हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने इस पूरी परियोजना पर 69 करोड़ से अधिक धनराशि खर्च होने का आकलन प्रस्तुत किया था, जिसका मूल्यांकन करने के बाद व्यय वित्त समिति ने 68 करोड़ 65 लाख 97 हजार रुपये की प्रशासनकीय एवं वित्तीय मंजूरी प्रदान करते हुए पहली किश्त के रूप में 24.03 करोड़ धनराशि अवमुक्त कर दी है। इसके साथ ही समिति ने काम शुरू करने से पहले सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति लेने के लिए निर्देशित किया है।

# तात्या टोपे नगर और बर्रा में बनेंगे पिकनिक स्पॉट और सेल्फी प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तात्या टोपे नगर में हाईवे के किनारे और बर्रा में पांडु नदी के किनारे विकसित किए जाएंगे नए पार्क
- केडीए की परियोजना को शासन ने स्वीकृति देकर काम शुरू करने के लिए पहली किश्त जारी की



**19.02** करोड़ रुपये से तात्या टोपे नगर में बनेगा पार्क

**25.0** करोड़ लागत से बर्रा क्षेत्र में विकसित होगा पार्क

**09** करोड़ 51 लाख रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई

**अमृत विचार।** तात्या टोपे नगर में हाईवे के किनारे और बर्रा में पांडु नदी के किनारे दो नए पार्क बनेंगे। शहर के दक्षिण क्षेत्र में केडीए द्वारा विकसित किए जाने वाले यह दोनों पार्क हरियाली, पिकनिक स्पॉट, सेल्फी प्वाइंट के साथ बच्चों के मनोरंजन का बड़ा साधन बनेंगे। स्मार्ट और सोलर ऊर्जा की रंग-बिरंगी रोशनी पार्कों में पेड़ों की खूबसूरती बढ़ाएगी। शासन ने केडीए को पार्क विकसित करने के लिए बजट आवंटन कर दिया है।

तात्या टोपे नगर में हाईवे के किनारे नवीन पार्क बनाने की परियोजना को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने हरी झंडी दिखा दी है। इस पार्क को विकसित करने के लिए 19.02 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी प्रदान करते हुए केडीए को पहली किश्त के रूप में 9 करोड़ 51 लाख रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। केडीए अपनी आवासीय योजनाओं में हरियाली और पिकनिक स्पॉट तैयार करने पर खास जोर दे रही है। इसी क्रम में तात्या टोपे नगर में थीम पार्क का निर्माण किए जाने की योजना बनी थी। इसके लिए दिल्ली की फर्म से डिजाइन भी तैयार कराई गई थी। केडीए ने शासन को नवीन पार्क विकसित करने के लिए 19 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना भेजी थी, जिसे स्वीकृति मिल गई है। बर्रा क्षेत्र में भी 25 करोड़ रुपये लागत से पांडु नदी के किनारे छह हेक्टेयर भूमि पर एक नवीन पार्क विकसित किया जाएगा। इस पार्क की परियोजना भी केडीए ने तैयार करके शासन के पास मंजूरी के लिए भेजी थी। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इस पार्क के लिए भी धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। पांडु नदी के किनारे विकसित होने वाले इस पार्क को हरियाली के साथ आधुनिक रोशनी से जगमग किया जाएगा।

# न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- केडीए के 21.78 करोड़ के प्रस्ताव को शासन ने दिखाई हरी झंडी, पहली किश्त में मिले 10.89 करोड़ रुपये
- पांडु नदी में गिरने से रुकेगा ट्रांसपोर्ट नगर नाले का दूषित पानी, 4.5 एमएलडी के दो प्लांट में होगा शोधन

**अमृत विचार।** न्यू ट्रांसपोर्ट नगर का दूषित पानी जल्दी ही पांडु नदी में नहीं गिरेगा। इसके लिए केडीए 4.5 एमएलडी क्षमता के दो अलग-अलग सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराएगा। अवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने इस संबंध में प्राधिकरण के 21 करोड़ 78 लाख के प्रस्ताव को प्रशासकीय और वित्तीय मंजूरी प्रदान करते हुए पहली किश्त के रूप में 10 करोड़ 89 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। केडीए ने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर का दूषित पानी पांडु नदी में जाने से रोकने के लिए योजना के फेस-1 तथा 3 में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने का प्रस्ताव शासन में भेजा था।

शहर में गंगा और पांडु नदियों में गिरने वाले 14 नालों को टैप करने की 138.11 करोड़ की परियोजना केवल नालों को मोड़ने तक सीमित नहीं है। इसके अंतर्गत शहर में एक व्यापक सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है, ताकि नालों से आने वाला पानी सीधे नदी में जाने के बजाय उपचार के लिए पहले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों तक पहुंच सके। इसी क्रम में नमामि गंगे योजना मंन ट्रांसपोर्ट नगर नाले को टैप करने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है, ताकि इसका गंदा पानी सीधे नदी में न जाकर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक ले जाया जा सके। पांडु नदी में प्रतिदिन 5 करोड़ लीटर से अधिक प्रदूषित पानी गिरता है, जिसमें औद्योगिक अपशिष्ट और सीवेज शामिल रहता है। इसमें बड़ा हिस्सा ट्रांसपोर्ट नगर नाले का रहता है। इसी दूषित पानी का शोधन करने के लिए केडीए ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना तैयार की है, जिसके लिए धन जारी करते हुए आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सक्षम स्तर पर तकनीकी स्वीकृति लेने के लिए निर्देशित किया है।



रिजर्व पुलिस लाइन से रवाना होतीं गाड़ियां। अमृत विचार

# डॉयल 112 दस्ते में 19 और इनोवा कार शामिल की गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुलिस कमिश्नरेट के डायल 112 के बेड़े में 19 और इनोवा कार शामिल की गई हैं। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने रिजर्व पुलिस लाइन से कारों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में घटना होने पर त्वरित रिस्पांस मिलेगा।

पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने कहा कि शहर में कोई भी घटना हो, कोई भी इवेंट होता है तो मदद में पीआरवी का बड़ा योगदान होता है। इसी तरह डॉयल 112 का घटनाओं को रोकने में अहम योगदान होता है। इसे देखते हुए 19 नए वाहनों को डायल 112 में शामिल किया गया है। बेड़े में वाहनों की संख्या बड़ने से अब पुलिस कमिश्नरेट के पास 109 गाड़ियां हो चुकी हैं। कोई भी जानकारी आने पर पीआरवी कुछ ही मिनटों में तत्काल घटनास्थल पर होगी। उन्होंने बताया कि शहर का क्षेत्रफल काफी बड़ा होने के कारण अब बढ़ी गाड़ियों से लाभ मिलेगा। शहर में अपराध रोकने व तत्काल मौके पर पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं आएगी।

# 20 संस्थानों के 150 मेडिकल छात्रों को प्रशिक्षण

**कानपुर।** मेडिकल कालेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में दो दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। फॉग्सी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 20 मेडिकल कॉलेजों से आए 150 पीजी मेडिकल छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।विशेषज्ञों ने प्रसव के दौरान रक्तस्राव प्रबंधन, कैंसर, बांझपन और लैप्रोस्कोपी जैसी आधुनिक तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही छात्रों को पेल्विस और स्कल मॉडल पर प्रैक्टिकल डेमो भी कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. संजय काला ने किया। डॉ. मीरा अग्निहोत्री और डॉ. ऋचा गिरी विशिष्ट अतिथि रहीं। नेशनल कन्वीनर डॉ. आशीष कुमार मुखोपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया, जबकि डॉ. भास्कर पाल ने वीडियो संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में प्रसूति एवं स्त्री रोग के विषयों पर चर्चा की गई।



हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर विरोध जतातीं महिलाएं। अमृत विचार



महिलाओं को समझाते अधिकारी। अमृत विचार

# शराब ठेका हटवाने के लिए महिलाओं का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले पढ़ी दुर्गा चालीसा फिर हाथ में तख्तियां लेकर ठेके के बाहर बैठकर दिया धरना
- अफसरों के आश्वासन पर ठेके के आगे से हटीं महिलाएं, पहुंची डीएम से शिकायत करने

**अमृत विचार।** बर्रा के कर्रही रोड स्थित शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर बुधवार को क्षेत्रीय महिलाओं ने पहले दुर्गा चालीसा का पाठ किया और फिर दुकान खुलने से पहले ही धरने पर बैठ गईं। जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। महिलाएं ठेका हटाने की मांग पर अड़ी रहीं। आरोप लगाया कि इलाके में शराब की वजह से रोजाना अराजकता, झगड़ा और छेड़खानी जैसी घटनाएं होती हैं। जिससे बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन महिलाओं का आक्रोश देखकर मूकदर्शक बनी रही। हंगामे की सूचना पर एडीएम सिटी राजेश कुमार, जिला आबकारी अधिकारी राजेश सिंह और एडीपीसी दक्षिण योगेश कुमार पहुंचे। अराजक तत्वों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर दुकानें खुलवा दीं, लेकिन महिलाएं नहीं मानीं और सीधे डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

प्रदर्शन कर रहीं इलाकाई लक्ष्मी सविता, नितरेखा तिवारी, रानी तिवारी, रागिनी, रानी गुप्ता और प्रेमा देवी समेत अन्य महिलाओं ने बताया कि 25 फरवरी को भी ठेका हटाने के लिए प्रदर्शन किया गया था। तब अधिकारियों ने स्थानांतरण का भरोसा दिया था। लेकिन नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा अब इसे कंपोजिट मॉडल शॉप बना दिया गया है। जिससे लोग वहीं बैठकर शराब पी सकेंगे और हालात और बिगड़ेंगे। इसी मुद्दे पर महिलाएं सुबह से धरने पर बैठी थीं।

वहीं महिलाओं ने जिला आबकारी अधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए कहा कि वह फोर्स के साथ पहुंचे और गुस्से में कुर्सियां उठाकर फेंकने लगे और दुर्व्यवहार किया, जो अनुचित है। महिलाओं का कहना है कि डीएम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ठेका नहीं हटाया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



# शिक्षा के मंदिर में तिलक लगाकर स्वागत

शिक्षा सत्र के प्रारंभ पर बुधवार को शिक्षा के मंदिर में नौनिहालों का तिलक लगाकर स्वागत संग पुस्तकों का उपहार दिया गया। प्रातः 09 बजे प्राथमिक विद्यालय परमट में ज़ब छात्र-छात्राएं मुख्य द्वार से प्रवेश कर रहे थे तो प्रधानाचार्य नवीन त्रिपाठी व सहयोगी शिक्षिकाएं शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं पर पुष्प की पंखुड़ियों की वर्षा कर उनको रोली का तिलक लगाकर स्वागत किया और सभी छात्र-छात्राओं को नवीन पुस्तकें भेंट कर उपहार दिया। ● मनोज तिवारी

**सिटी प्राइड** | कोलकाता में आयोजित सीएलई की प्रशासनिक समिति की बैठक

# मुख्तारुल अमीन तीसरी बार सीएलई के वाइस चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रमुख चमड़ा कारोबारी और सुपरहाउस प्रमुख मुख्तारुल अमीन सीएलई के वाइस चेयरमेन नियुक्त हुये हैं। मुख्तारुल अमीन काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स (सीएलई) की तीसरी बार कमान सम्भालेंगे। कोलकाता में आयोजित काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स (सीएलई) की प्रशासनिक समिति की बैठक में मुख्तारुल अमीन को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया।

मुख्तारुल अमीन एम. रफीक अहमद के बाद सबसे अधिक तीसरी बार इस पद की कमान सम्भालेंगे। मुख्तारुल अमीन 2007-9 और 2017-19 में सीएलई के चेयरमैन रह चुके हैं। चेयरमैन पद पर रहते हुये उन्होंने कई योजनायें शुरू की, जिससे लेदर इण्डस्ट्री को काफी फायदा हुआ। वे लेदर सेक्टर स्किल काउंसिल (एलएसएससी) के चेयरमैन भी रह चुके हैं। यह संस्था भारत में लेदर सेक्टर में प्रशिक्षित और कुशल कार्यबल की मांग को पूरा करने के लिए समर्पित है। 2012 में स्थापित एलएसएससी राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा अनुमत है। मुख्तारुल अमीन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम - इंटरनेशनल के निदेषक मंडल में भी षामिल हैं। एनएसडीसी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत कार्यरत है। वे भारत सरकार के वाणिज्यिक एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित देश के प्रमुख संस्थान फुटवियर डिजायनिंग एण्ड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के चेयरमैन पद पर भी रह चुके हैं।

उन्होने अपने कार्यकाल में फुटवियर डिजायनिंग एण्ड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के 3 नये कैम्पस राजस्थान, बिहार और आंध्र प्रदेश में शुरू किये। वर्तमान में एफडीडीआई के देश में 12 कैम्पस हैI जो हैदराबाद, चेन्नई, पटना, कोलकाता, जोधपुर, सूरत, नोएडा, रोहतक, चंडीगढ और रायबरेली में सफलतापूर्वक संचालित हैं। लेदर सेक्टर में अपने अनुभव और उत्कृष्ट योगदान के साथ ही उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित प्रमुख संस्थाओं जैसे सीएलई, एफडीडीआई, एनएसडीसी एवं एलएसएससी में उच्च पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है।



मुक्तारुल अमीन का स्वागत करते उद्यमी। अमृत विचार

**सिटी ब्रीफ**

### प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा

**कानपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक बीएल गुलाबिया की अध्यक्षता में जल संस्थान बेनाझाबर में हुई। बैठक में 21 अप्रैल को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन और हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि अमर नाथ यादव द्वारा घोषित आंदोलन के तहत प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। पेंशनर्स ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज होगा।

### नशे की हालत में युवक फंदे पर लटका

**कानपुर।** नौबस्ता में शराब के लती युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। भूरेपुरवा निवासी छोटालाल का 35 वर्षीय बेटा लक्ष्मी नारायण राजपूत मजदूरी करता था। ममेरे भाई कमलेश ने बताया कि मंगलवार रात लक्ष्मी शराब के नशे में घर आया था। आने के बाद बगैर किसी से कोई बात किए अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह परिजन उसके कमरे में गए तो शव फंदे से लटका पाया।

### पत्नी से झगड़कर की आत्महत्या

**कानपुर।** हनुमंत विहार में शराब को लेकर पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। हनुमंत विहार निवासी 48 वर्षीय नितिन कुमार मजदूरी करता था। परिवार में छोटा भाई सचिन, मां सुशीला, पत्नी नेहा व तीन बच्चे छवि, लवी, शुभ हैं। पिता ओम प्रकाश ने बताया कि नितिन आएदिन शराब पीकर घर में कलह करता था। मंगलवार रात को भी पीकर आया था। जिसका उसकी पत्नी ने विरोध किया।

**आयुष के संपर्क में आए अली का भी ब्योरा खंगाल रही पुलिस, मेरठ, लखनऊ व दिल्ली में सक्रिय किडनी रैकेट का गैंग**

# 50 से ज्यादा हॉस्पिटल जांच के घेरे में चार डाक्टरों पर लुक आउट नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अवैध किडनी ट्रांसप्लांट मामले में वांछित लखनऊ व मेरठ के चार डाक्टरों की तलाश में टीम जुटी है। पुलिस मेरठ, नोएडा व दिल्ली पहुंच गई है। आरोपी देश से बाहर न जा सकें, इसके लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। जांच में सामने आया है कि किडनी बेचने वाले आयुष का संपर्क सबसे पहले साइबर ठग अली नामक व्यक्ति से हुआ था। उसने आयुष को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि मेरठ का डॉ. अफजल व लखनऊ का डॉ. रोहित कानपुर समेत मेरठ, लखनऊ, नोएडा और दिल्ली में अब तक सैकड़ों किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुका है। शहर के 50 से ज्यादा अस्पताल जांच के घेरे में हैं।

लखनऊ की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को जीएसवीएस पीजीआई में भर्ती आयुष से पूछताछ की। आरोपियों की काल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) भी निकलवाई जा रही है। आयुष की महिला मित्र भी बिहार से उससे मिलने पहुंची। डाक्टरों के अनुसार किडनी डोनर आयुष और रिसीवर दोनों स्वस्थ हैं। कल्याणपुर के आहूजा अस्पताल में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। बीते रविवार रात यहां मुजफ्फरनगर की पारुल का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था। सोमवार को पुलिस से शिकायत के बाद छापेमारी कर आहूजा अस्पताल के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा, उनकी पत्नी व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कानपुर की उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति आहूजा, दलाल शिवम अग्रवाल, मेड लाइफ हॉस्पिटल के संचालक राम प्रकाश व साझेदार राजेश कुमार, प्रिया हास्पिटल के संचालक नरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। लखनऊ के डॉ. रोहित उर्फ राहुल, मेरठ के डॉ. अफजल, डॉ. अनुराग उर्फ अमित, डॉ. वैभव मुद्गल की तलाश की जा रही है। जांच में सामने आया कि टेलीग्राम ग्रुप से अवैध किडनी डोनर व रिसीवर तलाशे जा रहे थे। पुलिस का दावा है कि टेलीग्राम ग्रुप के जरिए ही दलाल शिवम और किडनी बेचने वाले आयुष के बीच संपर्क हुआ। मेरठ के अल्फा अस्पताल से जुड़े डॉ. अफजल ने भी आयुष से संपर्क किया और सौदा तय होने पर पारुल को कानपुर लाया गया। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि वांछित डाक्टरों की तलाश में टीमें लगी हैं।





आहूजा अस्पताल में किए जाते थे आपरेशन। अस्पताल के संचालक डॉ. सुखबीर सिंह और डॉ. प्रीति आहूजा को भेजा गया जेल। अमृत विचार

**● लखनऊ के डॉ. रोहित, मेरठ के डॉ. अफजल, डॉ. अनुराग, डॉ. वैभव मुद्गल की तलाश**

### आयुष का शिवम ने किया ब्रेन वॉश

- शिवम के संपर्क में आने के बाद आयुष पीछे हटा था, लेकिन गैंग ने उसका ब्रेनवॉश किया। कहा कि प्रेमानंद महाराज, अभिताभ बच्चन भी किसी तरह एक किडनी और किडनी मरीज होते हुए नियमित दिनचर्या में रह रहे हैं। गैंग ने डोनर लाने के लिए अलग कमीशन फिक्स किया है। डोनर को लाने व ले जाने और पूरे इलाज की जममेदारी के लिए अस्पतालों को अलग से कमीशन दिया जाता था। जिसका जिक्र पुलिस ने खुलासे में किया। बुधवार को आयुष के परिजन उससे मिलने अस्पताल पहुंचे।

> तीन टीमें किडनी सिंडिकेट से जुड़े चार डॉक्टरों की तलाश में दूसरे जिलों को निकली हैं। फरार डॉक्टरों को लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही इस सिंडिकेट से जुड़े चारों डॉक्टरों की गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> -एसएम कासिम आबिदी, डीसीपी वेस्ट

> साउथ अफ्रीकन महिला को किडनी किसने डोनेट की, वह शहर में कहां और कितने दिन रुकी, इसकी भी जांच की जा रही है। प्रिया, मेड लाइफ और आहूजा हॉस्पिटल के डीवीआर कब्जे में लिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल डाटा की जांच की जा रही है। जिससे साउथ अफ्रीकन महिला के बारे में जानकारी मिल सके।
>
> -आशुतोष कुमार, एसीपी कल्याणपुर

### हेल्थ चेकअप कैंपों में तलाशे जाते थे शिकार

- मेरठ, लखनऊ और दिल्ली से किडनी ट्रांसप्लांट के तार जुड़े हैं। वहीं शहर में लगने वाले हेल्थ चेकअप कैंप में डोनर व रिसीवर तलाशे जाते थे। कैंपों में शहर के नामी डॉक्टर पहुंचते, लिहाजा किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़ा सिंडिकेट आसानी से शिकार तलाश लेता। खुलासे के बाद पुलिस के रडार पर शहर के कैंपों में पहुंचने वाले डॉक्टर भी हैं। जिन्होंने खुद को अंडरग्राउंड कर लिया है। सिंडिकेट से जुड़े तीन डॉक्टरों ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद शहर से बाहर का रुख कर लिया है। इनके नंबर आहूजा नर्सिंगहोम के रिकार्ड और पकड़े गए डॉक्टरों की सीडीआर में मिले हैं।

### फीस के लिए मजबूरी में किया था एमबीए छात्र ने सौदा

- एमबीए छात्र आयुष चौधरी को 50 हजार कम मिलने पर सिंडिकेट का खुलासा हुआ तो किडनी ट्रांसप्लांट का संबद्ध कई शहरों से खुला। विजिलेंस टीम की मानें तो मार्च के दूसरे सप्ताह में छात्र की किडनी ट्रांसप्लांट हुई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद साक्ष्य संग्रह शुरू हो गया था। आयुष ने एमबीए की फीस जमा करने के लिए मजबूरी में किडनी का सौदा किया था। इस तरह बड़ी संख्या में छात्र फीस जमा करने के लिए किडनी सौदा कर रहे हैं। किडनी रैकेट का खुलासा होने के बाद अस्पतालों का स्टॉफ ही पुलिस को पास पहुंच कर ट्रांसप्लांट की जानकारी दे रहा है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मानव अंगों की तस्करी व ट्रांसप्लांट का शहर में बड़ा नेटवर्क है।

### हर सदस्य का काम व कमीशन निर्धारित होता

- डॉ. प्रीति और उसके पति डॉ. सुरजीत अहूजा साथियों के साथ किडनी ट्रांसप्लांट में शामिल थे। गैंग में शामिल हर सदस्य का अलग काम व कमीशन निर्धारित था। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के अनुसार शहर में किडनी गैंग ने 50 से ज्यादा किडनी का ट्रांसप्लांट किया है। इस नेटवर्क के तार दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, नेपाल और साउथ अफ्रीका तक फैला है।

## किडनी कांड पर कांग्रेस ने सीएमओ को सौंपा मांगपत्र

**कानपुर।** शहर में किडनी रैकेट के सनसनीखेज खुलासे के बाद महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व मंध मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और मांगपत्र सौंपा।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रकरण को गंभीर बताते हुए उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की। नेताओं ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की अमानवीय घटनाएं कानून व्यवस्था और चिकित्सा तंत्र दोनों पर सवाल खड़े करती हैं। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि बिना मानक संचालित निजी अस्पताल और नर्सिंग होम आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें किडनी रैकेट से जुड़े सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा, लापरवाह या संलिप्त स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई, शहर के सभी निजी अस्पतालों की व्यापक जांच, पीड़ितों को मुआवजा व चिकित्सा सहायता, अस्पतालों के बाहर सक्रिय दलालों पर रोक और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल में मानेश दीक्षित, प्रतिभा अटल पाल, रितेश यादव, सैमुअल लकी सिंह, हरीश बाजपेई, पदम मोहन मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, आनंद शुक्ला, आसिफ इकबाल, राकेश साहू, इस्लाम सिद्दीकी, जितेंद्र गिरी, रवि सक्सेना सहित आदि मौजूद रहे।

## विद्युत शवदाह गृह में फूंका चरस, गांजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को आपरेशन दहन के अन्तर्गत थाना जीआरपी सेंट्रल स्टेशन द्वारा न्यायालय के आदेश पर 86 अभियोगों से सम्बन्धित 14 किलो 560 ग्राम मादक पदार्थ को नष्ट किया गया। मादक पदार्थ को भैरोघाट विद्युत शवदाह गृह में फूंका गया।

सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी ओमनारायण सिंह ने बताया कि निर्णित वादों में कोई अपील, विचारण, रिवीजन लम्बित न होने के कारण न्यायालय एडीजे 21/स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट कानपुर नगर के आदेश पर एनडीपीएस एक्ट से सम्बंधित माल निस्तारण वर्ष 2007 से वर्ष 2021 तक कुल 86 अभियोगों से सम्बंधित 14 किलो 560 ग्राम मादक पदार्थ का विनष्टीकरण विद्युत शव दाह गृह भैरोघाट में किया गया। अंजली विश्वकर्मा अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सदस्य ड्रग डिस्पोजल कमेटी कमिश्नरेट कानपुर नगर, उप निरीक्षक जीआरपी शिव बाबू यादव के अलावा शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



विद्युत शव दाह गृह में मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। अमृत विचार

## एकलौते बेटे की सड़क हादसे में मौत, कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी में तेज रफ्तार वाहन की जबरदस्त टक्कर से दसवीं के छात्र की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया।

धरमंगतपुर निवासी ओम प्रकाश खेती-किसानी करते हैं। परिवार में पत्नी आरती, दो बेटियां तान्या व खुशबू और एकलौता 19 वर्षीय बेटा शिवा था। पिता ने बताया कि बेटे ने इस साल दसवीं की परीक्षा दी थी। मंगलवार दोपहर वह घर का कुछ सामान लेने पैदल बाजार जा रहा था। तभी रास्ते में किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। भागने के प्रयास में वाहन ने उसे रौंद दिया। परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। सचेंडी पुलिस के अनुसार वाहन का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रेन से गिरकर युवक की गई जान :** पनकी धाम स्टेशन से पहले ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। बिहार के सिरपत मुकस्मिल नवादा निवासी 34 वर्षीय संतोष मांझी इटावा ईंट भट्ठे पर नौकरी करते थे। पिता भरत के अनुसार संतोष के छह बच्चे हैं। हादसे की खबर पाकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे छोटे भाई जितेंद्र ने बताया कि 10 दिन पहले संतोष गांव गए थे। मंगलवार को वह लौट रहे थे। पनकी स्टेशन के पास उनकी ट्रेन से गिरकर मौत हुई है।

## ग्रीन कॉरिडोर सेल पहले दिन ही फेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में एंबुलेंस को जाम से निकालने के लिए ग्रीन कॉरिडोर सेल की स्थापना की गई है जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल को हो गई लेकिन पहले दिन ही परेड चौराहा समेत कई चौराहों पर एंबुलेंस फंस गई।

पुलिस एवं यातायात विभाग ने मरीजों की जान बचाने के लिए कंट्रोल रूम बनाया है, ये कंट्रोल रूम 24 घंटे काम कर रहा है लेकिन बुधवार को परेड जैसे अतिव्यस्तम मार्ग पर एंबुलेंस जाम में फंस गई और कंट्रोल रूम को भनक तक नहीं लगी। इसी प्रकार शहर के कई चौराहे जाम में जकड़े रहे लेकिन यातायात की टीम पहले दिन उतना कारगर साबित नहीं हुई जितना उसको होना चाहिये था।



जाम में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार

### जाम में कोई एंबुलेंस फंसी तो खैर नहीं

- **कानपुर।** शहर को जाम से बचाने के लिए यातायात विभाग एवं कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने कमर कस ली है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त यातायात रवींद्र कुमार ने 1 अप्रैल से संचालित ग्रीन कॉरीडोर सेल का निरीक्षण किया और निर्देश दिये कि प्रत्येक एंबुलेंस एवं ट्रैफिक व्यवस्था का पूरा रिकार्ड रखें और कोई भी एंबुलेंस जाम में फंसना नहीं चाहिए। ग्रीन कॉरिडोर सेल में नियुक्त कर्मचारियों से संवाद करते हुए शहर की भौगोलिक स्थिति, प्रमुख मार्गों, वैकल्पिक रास्तों तथा ट्रैफिक के पीक आवर्स की विस्तृत जानकारी रखने पर विशेष जोर दिया गया। निर्देश दिए गए कि कॉरिडोर से संबंधित प्रत्येक गतिविधि का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए।

## कमरे में अकेली महिला ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवईनगर में महिला का शव फंदे से लटका मिला। पड़ोस के कमरे में मौजूद छोटी बहन जब पहुंची तो शव लटका देखकर चीख पड़ी। मूलरूप से हमीरपुर के मौदहा सायर निवासी मुकेश उर्फ शीलू राजमिस्त्री का काम करते हैं। मौजूदा समय किदवईनगर के साकेतनगर में किराए पर परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में 28 वर्षीय पत्नी पूजा, एकलौता बेटा प्रियांशु व दो सालियां किरन व आकांक्षा भी उसके साथ ही रहती हैं। आकांक्षा ने बताया कि उनका परिवार चकेरी के अहिरवा में रहता है। पूजा की शादी 2012 में हुई थी। उसने बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे वह दोनों बहनें पड़ोस वाले कमरे में थीं। शीलू बाहर गए थे। एक घंटे बाद जब दोनों बहनें पूजा के कमरे में पहुंची तो उसका शव लटका पाया।

## क्रिक ने फ्रेंड्स एकादश को हराया

**कानपुर।** प्रथम सुनील तिवारी अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता का मुकाबला गीता देवी क्रिकेट मैदान में खेला गया, जिसमें क्रिक आइटी एकादश ने फ्रेंड्स एकादश को 8 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिक आइटी की टीम 19.3 ओवर में 76 रन पर सिमट गई, जिसमें अथर्व ने 13 रन बनाए। जवाब में फ्रेंड्स एकादश 20 ओवर में 68 रन ही बना सकी। ओमेंद्र ने 29 रन बनाए, लेकिन टीम जीत से चूक गई।

## दुकानदार के क्रेडिट कार्ड से 1.75 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा में ठगों ने एक दुकानदार के क्रेडिट कार्ड से पौने दो लाख रुपये पार कर दिए। घटना का पता मोबाइल पर आए मैसेज से चला तो पीड़ित के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही बैंक और साइबर कंट्रोल रूम को खबर दी गई। इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार बर्रा पांच निवासी विनोद कुमार श्रीवास्तव इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार हैं। 25 मार्च को उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि क्रेडिट कार्ड से 1,75,019 रुपये निकल गए हैं। जबकि उन्होंने न तो किसी को ओटीपी बताया और न ही कोई बैंक डिटेल साझा की। बर्रा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है।

### स्कॉलरशिप के नाम पर युवती से ठगी

- **कानपुर।** स्कॉलरशिप दिलाने के नाम पर एक युवती को जाल में फंसाकर उसके नाम पर बैंक खाते खुलवाए गए और उन्हीं खातों से साइबर ठगी की गई। मामले का खुलासा तब हुआ जब पुलिस का नोटिस युवती के पास पहुंचा। इसके बाद पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बर्रा के दामोदर नगर निवासी सिमरन ने बताया कि वर्ष 2022 में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान वह कल्याणपुर आवास विकास में किराए पर रहती थी। वहीं उसकी रूममेट सोमानी कटियार के साथ आदर्श कटियार आता था। जिसे रूममेट अपना मौसेरा भाई बताती थी। इसी दौरान आदर्श ने स्कॉलरशिप दिलाने का झांसा दिया। उसने जरूरी दस्तावेज लेकर अशोक नगर स्थित फेडरल बैंक में खाता खुलवाया। पासबुक और एटीएम अपने पास रख लिया। बीएसएनएल का सिम भी लिया। इसके बाद कल्याणपुर स्थित केनरा बैंक में भी एक और खाता खुलवाया। उसमें भी वही नंबर लिंक कराया। लेकिन स्कॉलरशिप नहीं आई।

**यात्रीगण ध्यान दें** — 42 दिनों तक रोज सुबह 8 .30 बजे से सायं 5 .30 बजे तक रहेगा ब्लाक, गंगा पुल पर स्लीपर बदलने का काम शुरू

## आज से लखनऊ रेलमार्ग पर लिया जाएगा मेगा ब्लाक, कई ट्रेनें रद्द

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यदि आप ट्रेन से लखनऊ जाने की सोच रहे हैं तो पहले रेलवे से सारी जानकारी ले लें। क्योंकि लखनऊ रेलमार्ग पर गंगा पुल के स्लीपर बदलने का काम शुरू हो गया है।

ऐसे में गुरुवार यानी 2 अप्रैल से 13 मई तक 42 दिन तक रोज सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक कोई ट्रेन इस रूट पर नहीं चलेगी। इस दौरान कई ट्रेनों को वाया प्रयागराज समेत विभिन्न रेलमार्गों से चलाया जाएगा।

मंगलवार को यात्रियों की सुविधा के लिए उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह ने अपनी टीम के साथ सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के निर्देश दिये। वहीं गंगा पुल पर स्लीपर बदलने का काम तेजी से शुरू हो गया है।

### आज से 13 मई तक ये गाड़ियां निरस्त

- गाड़ी संख्या 64701 एवं 64702 झांसी-लखनऊ के मध्य चलने वाली मेमू
  - गाड़ी संख्या 54154 एवं 54153 कानपुर सेंट्रल-रायबरेली पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 64212 कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू
- गाड़ी संख्या 64255 उत्तरेटिया- कानपुर सेंट्रल मेमू
- गाड़ी संख्या 14101 एवं 14102 कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज संगम
- गाड़ी संख्या 11109 एवं 11109 झांसी-लखनऊ इंटरसिटी
- गाड़ी संख्या 54101 एवं 54102 प्रयागराज संगम-कानपुर अनवरगंज पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 54326 कानपुर सेंट्रल से सीतापुर सिटी पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 54325 सीतापुर सिटी-कानपुर सेंट्रल पैसेंजर 12 मई तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 55345 लखनऊ-कासगंज पैसेजर 2 अप्रैल से 14 मई तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 55346 कासगंज-लखनऊ पैसेंजर 13 मई 2026 तक निरस्त।
- गाड़ी संख्या 64203 लखनऊ-कानपुर सेंट्रल मेमू 2 अप्रैल से 14 मई तक निरस्त।
- गाड़ी संख्या 64214 कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू 13 मई तक निरस्त रहेगी।

### सेंट्रल स्टेशन से चलेगी पुणे एक्सप्रेस

- गाड़ी संख्या 12103 पुणे से लखनऊ जाने वाले वाली साप्ताहिक पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन मेगा ब्लाक के चलते लखनऊ के बजाय 7,14,21 व 28 अप्रैल एवं 5 व 12 मई को कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक ही चलेगी। कानपुर सेंट्रल पर ये गाड़ी सुबह 11.42 बजे आएगी।
- गाड़ी संख्या 12104 लखनऊ से पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस 8,15,22 व 29 एवं 6 व 13 मई को कानपुर सेंट्रल से सायं 6 बजे पुणे के लिए रवाना होगी।

### लोकमान्य टर्मिनल सुपरफास्ट कानपुर से चलेगी

- गाड़ी संख्या 22121 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से लखनऊ सुपरफास्ट 4,11,18 व 25 अप्रैल एवं 2 व 9 मई को कानपुर सेंट्रल तक ही आएगी। लखनऊ नहीं जाएगी। ये गाड़ी सायं 6 बजे कानपुर आएगी।
- गाड़ी संख्या 22122 लखनऊ से लोकमान्य टर्मिनल एसी सुपरफास्ट 5,12,19,26 अप्रैल एवं 3 व 10 मई 2026 तक लखनऊ के बजाय कानपुर सेंट्रल से चलेगी।

### बालामऊ पैसेंजर कानपुर नहीं आएगी, उन्नाव से चलेगी

- बालामऊ पैसेंजर उन्नाव तक : गाड़ी संख्या 54335 एवं गाड़ी संख्या 54336 बालामऊ पैसेंजर 2 अप्रैल से 13 मई 2026 तक कानपुर नहीं आएगी बल्कि उन्नाव तक ही चलेगी।



### कई गाड़ियों के फेरों में विस्तार

- गाड़ी संख्या 03257 दानापुर-आनंद विहार साप्ताहिक 12 जुलाई 2026 तक प्रत्येक रविवार को चलेगी।
- गाड़ी संख्या 03258 आनंद विहार-दानापुर साप्ताहिक 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 03309 धनबाद-दिल्ली प्रत्येक मंगल एवं शनि 11 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 03310 दिल्ली-धनबाद प्रत्येक बुध एवं रवि. 12 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार प्रत्येक शुक्रवार 10 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 05220 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर प्रत्येक शनिवार 11 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 03293 पटना-नई दिल्ली दैनिक 15 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 03294 नई दिल्ली-पटना दैनिक 16 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 04052 नई दिल्ली-हावड़ा प्रत्येक शुक्रवार को 10 जुलाई तक चलती रहेगी।
- गाड़ी संख्या 04051 हावड़ा से नई दिल्ली प्रत्येक रविवार को 12 जुलाई तक चलती रहेगी।

## झांसा देकर धर्मांतरण में आरोपी को पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● शास्त्रीनगर का मामला, क्षेत्र में चला रहा था फर्नीचर की दुकान**

**अमृत विचार।** काकादेव में नाबालिग को शादी का झांसा देकर धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। नाबालिग के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फर्नीचर दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूलरूप से सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। वह अपने भाई के साथ शास्त्रीनगर में फर्नीचर की दुकान किए था। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

काकादेव थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार ने आरोप लगाया कि शास्त्रीनगर में मलिक फर्नीचर्स के नाम से दुकान है। जिसका मालिक मोहम्मद वसीम ने उनकी नाबालिग बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया। इतना ही नहीं उसने बेटी पर शादी के लिए मतांतरण करने का दबाव डाला। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उसे उसकी दुकान से गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी मोहम्मद वसीम।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पाक्सो और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन में रिपोर्ट दर्जकर जेल भेजा गया है। आरोपी शास्त्रीनगर में अपने भाई वसीम के साथ मिलकर दुकान चलाता था।

सिटी ब्रीफ



टीआई मनोज कुमार को पदोन्नत कर एसीपी का पदभार सौंपते अधिकारी

## यातायात निरीक्षक मनोज कुमार एसीपी बनाए गए

**कानपुर।** बुधवार को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वाले अनुभवी निरीक्षकों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ नई पहचान मिली। वर्षों से ट्रैफिक विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे टीआई मनोज कुमार सिंह को एसीपी के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार दो अन्य पुलिस अधिकारी सुभाष चन्द्र और रवीन्द्र प्रताप सिंह को एसीपी बनाया गया है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल और पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) दिनेश त्रिपाठी ने पदचिह्न पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

## उप मुख्य यातायात प्रबंधक का तबादला

**कानपुर** । कानपुर सेंट्रल स्टेशन के उपमुख यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह का तबादला लखनऊ स्थित ट्रेनिंग स्कूल में कर दिया गया है ।फिलहाल कानपुर सेंट्रल पर अभी किसी की तैनाती नहीं की गई है ऐसे में श्री सिंह अगले आदेश तक सेंट्रल स्टेशन का कारभार संभाले रहेंगे

# 18 कोर्स के लिए सीएसजेएमयू में प्रवेश परीक्षा होगी

### 157 कोर्सों में मेरिट और साक्षात्कार के जरिये होगा प्रवेश, जल्द ही समर्थ पोर्टल के जरिये शुरू होगा ऑनलाइन पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में संचालित 13 स्कूलों के तहत संचालित 175 कोर्सों में अकादमिक सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रकिया शुरू हो गयी है। प्रवेश प्रक्रिया में इस बार 18 कोर्स ऐसे हैं जिनमें युवा प्रवेश परीक्षा के जरिए ही दाखिला ले सकते हैं। विवि में प्रवेश के लिए सभी युवाओं को समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

विश्वविद्यालय की डीन ऐकडेमिक प्रो.बृष्टि मित्रा ने बताया कि प्रवेश परीक्षाओं के जरिए होने वाले विभिन्न कोर्सों की संख्या 18 है। इनमें जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन के जरिए इंजीनियरिंग में 5 कोर्सों में (बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीटेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं। इसी तरह बीटेक इन केमिकल इंजीनियरिंग, बीटेक इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग), जीपैट ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट के जरिये फार्मेसी के चार कोर्सों (एमफार्मा फार्मास्यूटिकस जैसे कोर्स भी शामिल हैं। उधर इनमें एमफार्मा फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री,एमफर्मो फार्मोकोलोजी,एमफार्मा फार्माकॉयनोसि), जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम के जरिये बीएड, एनटीए के जरिये दो कोर्सों में (इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम साइंस, आर्ट्स), जबकि यूनिवर्सिटी एग्जाम टेस्ट के जरिये 6 कोर्सों (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमए क्लिनिकल साइकोलॉजी, बीएससी क्लिनिकल साइकोलॉजी, एमएड, एलएलएम, बीफार्मा) में प्रवेश होगा।

**समर्थ के जरिये पंजीकरण:** विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.दिवाकर अवस्थी ने बताया कि जल्द ही समर्थ पोर्टल के जरिए विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से शुरू होगी।




**13**
स्कूलों के तहत संचालित 175 कोर्सों में अकादमिक सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रकिया शुरू हो गयी है।

### मेरिट बेस डायरेक्ट एडमिशन

- मेरिट बेस डायरेक्ट एडमिशन में पर्सनल इंटरव्यू व कुछ कोर्सों में ग्रुप डिस्कशन को शामिल किया गया है। इनमें बीएजेएमसी, एमएजेएमसी, पीजीडीजेएमसी,एमए एफएम, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी ऑनर्स लाइफ साइंस, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स, बीएससी ऑनर्स केमिस्ट्री, बीएससी ऑनर्स मैथमेटिक्स, एमए इंग्लिश, एमए हिंदी ,एमए संस्कृत, बैचलर ऑफ़ होटल मैनेजमेंट , एमए म्यूजिक , बैचलर ऑफ़ परफॉर्मिंग आर्ट कथक,एम.ए. ज्योतिर्विज्ञान, पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र,पीजी डिप्लोमा इन कर्मकांड,बैचलर ऑफ़ फाइन आर्ट्स पेंटिंग, बैचलर ऑफ़ फाइन आर्ट्स स्कल्पचर ,बैचलर ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन आदि कोर्सों में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।

# सीएसजेएमयू में छात्रों को एआई का उपयोग भी सिखाया जाएगा

- पत्रकारिता विभाग में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू
- बीएजेएमसी और एमएजेएमसी कोर्स में 50-50 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के पत्रकारिता विभाग में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। युवाओं के लिए बीएजेएमसी व एमएजेएमसी में हैं 50-50 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। विभाग में बैचलर, मास्टर्स के साथ- साथ पीजी डिप्लोमा व लेटरल के कार्स भी संचालित हो रहे हैं। युवा फिल्म मेकिंग में भी मास्टर्स कर सकते हैं। कोर्स में मेरिट के आधार पर सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जाएगा। नए सत्र से विभाग के विद्यार्थियों को कंटेंट में एआई का प्रयोग करना भी सिखाया जाएगा।


जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में संचालित परास्नातक पाठ्यक्रम में एआई जर्नलिज्म एवं हेल्थ कम्युनिकेशन दो विषयों को जोड़ा जा रहा है । सत्र 2026-27 में इन दोनों विषयों को पाठ्यक्रम में जोड़ने के बाद विशेषज्ञ छात्रों को इसके व्यावहारिक पक्ष के बारे में जानकारी देंगे। ऐसे में विद्यार्थी जिन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा किसी भी स्ट्रीम में पास की है, उनके लिए न्यूनतम शुल्क पर ही विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार का स्नातक स्तरीय कोर्स उपलब्ध है और जिन विद्यार्थियों ने किसी भी स्ट्रीम में अपनी स्नातक परीक्षा पास कर ली है, उनके लिए पत्रकारिता एवं जनसंचार का परास्नातक स्तर पर कोर्स उपलब्ध है। इसके अलावा छात्रों की सुविधा के लिए विभाग में न्यूनतम शुल्क पर ही परास्नातक स्तरीय 1 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स, लेटरल इंट्री पीजी कोर्स भी कराया जाएगा।

### विभाग में उपलब्ध कोर्स

- स्नातक स्तरीय कोर्स में बैचलर ऑफ़ आर्ट्स जर्नलिज्म & मास कम्युनिकेशन है। प्रवेश के लिए योग्यता इंटरमीडिएट है। कोसई की अवधि 3 वर्ष व कुल सीटें 50 हैं। कोर्स को करने का शुल्क 31200 रुपये प्रति वर्ष है। इसी तरह परास्नातक स्तरीय कोर्स में मास्टर ऑफ़ आर्ट्स जर्नलिस्म एंड मास कम्युनिकेशन कोर्स शामिल हैं। इस कोर्स में प्रवेश के लिए योग्यता किसी भी स्ट्रीम में स्नातक व कोर्स अवधि 2 साल है। इस कोर्स में सीटों की संख्या 50 शुल्क : 41200 रुपये प्रतिवर्ष है। उधर परास्नातक स्तरीय लेटरल इंट्री में योग्यता परास्नातक स्तरीय 1 साल का जर्नलिज्म डिप्लोमा है। कोर्स अवधि 1 साल व सीटों की संख्या 10 है। इस कोर्स का शुल्क : 42200 रुपये प्रतिवर्ष है। इसी तरह परास्नातक स्तरीय फ़िल्ममेकिंग डिग्री करने के लिए योग्यता स्नातक व कोर्स अवधि 2 साल है। सीटों की संख्या 30 व शुल्क : 51200 रुपये प्रतिवर्ष है।

## गेहूं खरीद केंद्रों के आसपास न दिखें बिचौलिए: डीएम

**कानपुर।** गेहूं खरीद व्यवस्था को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि खरीद केंद्रों के आसपास भी बिचौलिये भटकने नहीं चाहिए। अगर खरीद में पारदर्शिता बरतने में जरा सी भी लापरवाही की शिकायत मिली तो कार्रवाई के लिए अधिकारी तैयार रहें। संदिग्ध हरकतों पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मंगलवार को वे सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा बैठक में उक्त बातें बोलीं। क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक, केंद्र प्रभारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी केंद्रों पर छायादार स्थल, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम ने बताया कि जिले में 63 गेहूं क्रय केंद्रों पर 2585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है। छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। केंद्र प्रभारियों को नियमित मौजूद रहकर रजिस्टर मेन्टेन रखने के निर्देश दिए।



समझौते पर साइन करते आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल।

## परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्रौद्योगिकी पर देंगे जोर

- आईआईटी कानपुर व जीएसवी वड़ोदरा के बीच हुआ एमओयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर और गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी), वडोदरा ने शिक्षा, प्रशिक्षण, कौशल विकास तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता किया है। इस सहयोग का विशेष ध्यान परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्रौद्योगिकी पर रहेगा।

यह समझौता आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल तथा जीएसवी के कुलपति प्रो. मनोज चौधरी द्वारा साइन किया गया। इस दौरान प्रो. तरुण गुप्ता (अधिष्ठाता, अनुसंधान एवं विकास), प्रो. योगेश सिंह चौहान (विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी और रेलवे अनुसंधान केंद्र) और प्रो. दीपु फिलिप (प्रोफेसर-इनचार्ज, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) मौजूद रहे। इस सहयोग के तहत जीएसवी के स्नातक छात्रों को आईआईटी कानपुर में वांतरिक्ष प्रशिक्षण और उन्नत प्रयोगशालाओं का अनुभव प्राप्त होगा।

इसके साथ ही रेलवे अनुसंधान तथा संबंधित क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा और रेल, सड़क, वांतरिक्ष तथा समुद्री क्षेत्रों में अंतःविषयक अनुसंधान एवं डिजाइन गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी। यह साझेदारी रेल, सड़क, वांतरिक्ष, समुद्री और अंतर्देशीय जलमार्गों सहित विभिन्न परिवहन माध्यमों में एकीकृत अनुसंधान एवं डिजाइन को बढ़ावा देगी। इसके साथ ही आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न तथा बुद्धिमान परिवहन प्रणालियों जैसी डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

## फ्रेट टर्मिनल का रेल अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ द्वारा आईआरएमएस–2022 एवं आईआरएमएस–2023 (यातायात) परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं फील्ड एक्सपोजर के अंतर्गत प्रिस्टीन प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल पनकी कानपुर का एक शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया रेलवे की ओर से विशेष रुप से उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह, जीएमसी के डीओएम निखिल खरे, एसीएम पवन कुमार एवं डीजीएम प्रोमित आध्य ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में माल ढुलाई पद्धतियों, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन एवं भारतीय रेल में माल परिवहन की दक्षता बढ़ाने में निजी भागीदारी की भूमिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

# ‘जन विश्वास विधेयक’ नए भारत के आत्मविश्वास का है प्रतीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शासन डर पर नहीं, भरोसे पर चलना चाहिए, कानून का मकसद सुधार करना है, हर गलती पर दंड देना नहीं। इसी उद्देश्य से संसद में पारित जन विश्वास विधेयक पर हुई चर्चा में बोलते हुए कानपुर के सांसद एवं जन विश्वास संशोधन कमेटी के सदस्य रमेश अवस्थी ने बुधवार को लोकसभा में सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस’ के मंत्र को साकार करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि है।

सांसद ने कहा कि इस विधेयक से गुलामी की मानसिकता और इंस्पेक्टर राज से मुक्ति मिलेगी। पिछले 75 वर्षों से देश के व्यापारी, किसान और आम नागरिक छोटी-छोटी तकनीकी भूलों के कारण अपराधी की तरह देखे जाते थे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक गुलामी की मानसिकता के आखिरी प्रतीकों को मिटाने और व्यवस्था को ‘संदेह’ से निकालकर ‘विश्वास’ पर आधारित करने वाला है। सासंद ने कानपुर का उल्लेख करते हुए कि यह शहर कभी ‘मैनचेस्टर ऑफ ईस्ट’ हुआ करता था।

यहां के चमड़ा और कपड़ा उद्योग सहित हजारों एमएसएमई पुराने और जटिल कानूनों के कारण परेशान थे। मामूली तकनीकी खामियों के लिए भी उन्हें अपराधिक मुकदमों का सामना करना पड़ता था। अब इस विधेयक के आने से कानपुर के उद्यमियों में व्याप्त ‘इंस्पेक्टर राज’ का डर समाप्त होगा और व्यापार को नई गति मिलेगी।



संसद में बोलते सांसद रमेश अवस्थी।

- संसद में जन विश्वास संशोधन कमेटी के सदस्य सांसद रमेश अवस्थी बोले, उद्यमियों में ‘इंस्पेक्टर राज’ का डर खत्म होगा और व्यापार फले-फूलेगा




बच्चों को कॉपी-किताबें गिफ्ट की गईं। अमृत विचार

## अखबार पढ़ बच्चे जानेंगे दुनिया, जीतेंगे प्रतियोगिता

- स्वच्छता से ही डेंगू औरमलेरिया से बचने के उपायों के बारे में बताया गया

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेनाझाबर के कंपोजिट विद्यालय से बुधवार को अखबार पढ़ो अभियान, स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान का संयुक्त शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करना जरूरी है। इससे उन्हें देश-दुनिया की घटनाओं, विज्ञान, साहित्य और समाज से जुड़ी जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से हिंदी और अंग्रेजी के प्रमुख अखबार पढ़ने का अवसर स्कूलों में बच्चों को दिया जाएगा। अखबारों में निकलने वाले समाचारों की कतरनें बच्चों को सहेजना पड़ेगा। इन्हीं कतरनों के आधार पर बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित होंगी। कक्षा दो की छात्रा एल्जीमा ने ईरान और अमेरिका से जुड़ी खबर पढ़कर सुनाई। स्कूल चलो अभियान के तहत हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने पर जोर दिया गया। सीडीओ दीक्षा जैन ने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना लक्ष्य है। बच्चों को शिक्षित कर ही समाज का विकास किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिदत्त नेमी ने संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता और साफ पेयजल के बारे में बताया। दो बच्चों का नामांकन कराया गया और पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# विश्व शांति के लिए राजयोग साधना और यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात को देखते हुए विश्व शांति की कामना के साथ शहर में विशेष राजयोग साधना एवं शांति यज्ञ का आयोजन किया गया।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज, नवीन नगर की सेंटर इंचार्ज बीके अर्चना दीदी के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मानवता की रक्षा और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रार्थना की गई। यह शांति यज्ञ कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति स्वर्गीय सर्वज्ञ सिंह कटियार के निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम बीके रितेश कटियार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान राजयोग के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा (सकाश) का संचार कर विश्व में शांति का संदेश दिया गया। सभा का संचालन बीके राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में पूर्व आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल, साहित्यकार एवं समाजसेविका सीमा अग्रवाल ‘जागृति’ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा बीके स्वर्ण लता, ममता, प्रियंका, स्वाति, अनुपम, किरण, मंजू गोयल, मधु जैन, नीता, संतोषी सहित कई बहनों एवं बीके वीरेंद्र सिंह, रिंकू जायसवाल, राम सेवक चौरसिया सहित अन्य भाई-बहनों ने भी भाग लिया।



राजयोग साधना शिविर में भाग लेते सदस्य।

# कंप्यूटर साइंस, एआई, आईटी में मिलेगी आधुनिक जानकारी



समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। अमृत विचार

**कानपुर।** सीएसजेएमयू ने एआई एक्सक्लुसिव हायर इंस्टिट्यूट, सरस एआई के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया। एमओयू के जरिए कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर साइंस - ए आई, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के छात्रों को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी पर कार्यकुशल एवं जॉब रेडी बनाया जाएगा। एमओयू के दौरान विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, कुलसचिव राकेश कुमार मिश्र, फाइनेंस ऑफिसर अशोक कुमार त्रिपाठी, डायरेक्टर- यूआईईटी डॉ. आलोक कुमार, कंप्यूटर एप्लीकेशन की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा ममोरिया मौजूद रहीं। इस एमओयू के लिए सरस एआई के को-फाउंडर एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अमित कटारिया भी मौजूद रहे। इस दौरान कुलपति, प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि हम सरस एआई के साथ मिलकर एआई पाठ्यक्रम और कार्यक्रम को विकसित करेंगे।

## नेहा पोरवाल प्रथम, अंशिका दीक्षित दूसरे स्थान पर

**कानपुर।** लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय फिल्म कॉन्क्लेव 2026 में सीएसजेएमयू के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्मान प्राप्त किया। कॉन्क्लेव में देशभर से आए फिल्म, मीडिया और संचार क्षेत्र के विशेषज्ञों के बीच विश्वविद्यालय के एमएजेएमसी छात्रों ने अपने शोध-पत्र (पेपर प्रेजेंटेशन) प्रस्तुत किए। उनके प्रस्तुतिकरण को जूरी और उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया। जिसमें सिनेमा, संस्कृति और समाज के विभिन्न पहलुओं पर गहन विश्लेषण शामिल था।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की छात्रा नेहा पोरवाल (एमएजेएमसी चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णिम उपलब्धि हासिल की। द्वितीय स्थान अंशिका दीक्षित (एमएजेएमसी चतुर्थ सेमेस्टर) को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान मानवी सिंह(एमएजेएमसी चतुर्थ सेमेस्टर) ने हासिल किया। इन तीनों छात्राओं को पेपर प्रेजेंटेशन के लिए सम्मानित भी किया गया। सभी छात्रों ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ दिवाकर अवस्थी एवं सहायक आचार्य डॉ हरिओम कुमार के शोध निर्देशन में शोध पत्र तैयार किए थे।

लापरवाही

परमियां नाले का बेस घटाया जाएगा जिससे जलभराव से राहत मिल सके

# सीएम ग्रिड में लापरवाही, 11 लाख जुर्माना

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुदेव चौराहे से चिड़ियाघर तक सीएम ग्रिड योजना से सड़क बनाई जा रही है। ढाई किमी से भी ज्यादा का काम 31.02 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। बुधवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। जहां उन्हें कई खामियां देखने को मिलीं। सुरक्षा मानकों से हो रहे खिलवाड़ को देख नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। अधिकारी को नोटिस देने के साथ ही काम कराने वाली फर्म एसएस इन्फ्राजोन पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया। बता दें कि बैरिकेडिंग के बिना सड़क, फुटपाथ व नाले का काम कराया जा रहा था। जिससे सड़क हादसा होने की संभावना थी। वहीं, अधूरे फुटपाथों पर अतिक्रमण देख नगर आयुक्त नाराज दिखे। जल निगम की पाइपलाइन का काम भी अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य के लिए टेस्टिंग लैब भी नहीं बनाई गई है जिससे मैटेरियल की जांच भी नहीं हो पा रही है। निर्माण स्थल पर ही मिट्टी और मलबा खुले में फैला हुआ है। इसके बाद नगर आयुक्त परमियां नाले की समस्या देखने पहुंचे। बता दें कि परमियॉ नाले का बेस डेढ़ मीटर ऊंचा होने से मैनावती मार्ग, ख्यौरा, ज्यौरा और मकड़ीखेड़ा जैसे क्षेत्र जलभराव होता है। जिससे हजारों लोग प्रभावित होते हैं। जिस पर नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि समस्या पर जल निगम के साथ बैठक कर गेट के बेस को नीचे करने की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। सीएम ग्रिड योजना के तहत बगिया क्रासिंग से केसा कार्यालय तक सड़क को 15 जून तक कराने के लिए तेजी लाने को कहा।



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते नगर आयुक्त। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### ग्लोरी क्लब ने सिटी क्लब को आठ विकेट से हराया

**कानपुर।** केसीए की केडीएमए क्रिकेट लीग के पहले मैच में ग्लोरी क्लब ने सिटी क्लब को आठ विकेट से हराया। पनकी स्थित राम लखन भट्ट मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में सिटी क्लब की पूरी टीम उत्कर्ष की गेंदबाजी के आगे 19.2 ओवर में मात्र 58 रन पर सिमट गई। टीम से सर्वाधिक 33 रन की पारी युवराज गौतम ने खेली। पांच खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल पाए। ग्लोरी क्लब की ओर से उत्कर्ष ने पांच, आदित्य ने तीन, राजन यादव और विराट गुप्ता ने एक-एक विकेट लिए। सिटी क्लब ने 4.3 ओवर में दो विकेट खोकर मैच जीता। अभिषेक गौड़ ने 36 रन बनाए। उत्कर्ष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### वंडर्स क्लब ने आदर्श क्लब को हराया

**कानपुर।** श्यामनगर स्थित पीएसी मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में आदर्श क्लब ने 28.3 ओवर में 162 रन बनाए। टीम से देवेश तिवारी ने 32 रन, मनीष यादव ने 25 रन, राज कुशवाहा ने 20 रन बनाए, तो गेंदबाजी में वंडर्स क्लब से राही प्रताप सिंह ने चार, सूरज यादव ने दो, रंजीत, यश यादव, हिमेंद्र व शाहूल ने एक-एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वंडर्स क्लब ने 29.1 ओवर में पांच विकेट पर 163 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। राही प्रताप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शिवराजपुर।** सखरेज गांव में देर रात कार से आए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने जांच पड़ताल करके आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी नीलम पत्नी मुरली ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च की रात में गांव के ही दबंग किस्म के लोग जिसमें नन्हे पुत्र मंगली अंशु पुत्र नन्हे संजय लालाराम दीपू पुत्रगण नन्हे जैकी पुत्र संजय व चार अज्ञात जो कि कुछ समय पहले गांव में कार से आए हुए थे। इन लोगों ने रात में घर के अंदर घुसकर पीड़िता के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़िता की बहू ज्योति बीच बचाव करने आई तो उसे भी मारा पीटा। पुलिस ने जांच पड़ताल करके आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट में मुकदमा दर्ज

**शिवराजपुर।** हरनू गांव निवासी पूर्व प्रधान के पुत्र को पीटने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के हरनू गांव निवासिनी पप्पी पत्नी स्व विजय प्रताप यादव ने तहरीर में बताया कि 29 मार्च की रात को 10 बजे उसका पुत्र शिव प्रताप कानपुर जा रहा था। अभी वह शुक्लापुर गांव ही पहुंचा था कि शराब ठेके के पास सुक्खा नेवादा गांव निवासी राजेश पुत्र लालता एवं छब्बा नेवादा गांव निवासी मोहित पुत्र राम खेलावन एवं दो अन्य लोगों ने पुत्र शिव प्रताप को रोक लिया व गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज से मना करने पर यह लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। शिव प्रताप के द्वारा चिल्लाने पर सुक्खा नेवादा गांव निवासी आशीष पुत्र राम सिंह वहां पर दौड़कर आए तब यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


ज्योतिर्लिंग का पूजन किया गया। अमृत विचार


इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

# श्रद्धालुओं ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के मूल अवशेष के दर्शन पाए

## बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में दिव्य समारोह में बही भक्ति और आध्यात्म की धारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आर्ट ऑफ लिविंग के स्वामी भव्यतेज यात्रा लेकर शहर आए वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन

**अमृत विचार।** सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के एक हजार वर्ष पुराने मूल अवशेष बुधवार को शहर आए। बेनाझाबर स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन परिसर में बड़ी संख्या में लोगों ने इन दिव्य अवशेष का दर्शन और पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु आश्रम के स्वामी भव्यतेज ने वैदिक मंत्रोच्चार से किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के 'बम बम भोले' और 'ॐ नमः शिवाय' जयघोष से वातावरण में भक्ति और आध्यात्म की गंगा बहती नजर आयी।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पुनर्स्थापन अभियान के अंतर्गत प्राचीन मूल शिवलिंग के अवशेष की यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होती हुई 30 मार्च को प्रदेश में पहुंची थी। यात्रा झांसी से होते हुए कानपुर पहुंची। इस यात्रा के माध्यम से देश भर में श्रद्धा एवं आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। वर्ष 1026 में महमूद गजनी ने आक्रमण कर सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने के साथ ज्योतिर्लिंग खंडित कर दिया था। लेकिन मूल ज्योतिर्लिंग के कुछ अवशेष 1000 वर्षों से अग्निहोत्री पुजारियों ने पीढ़ी दर पीढ़ी गोपनीय रूप से संरक्षित कर रखे थे। कांची के शंकराचार्य की सलाह पर इन अवशेषों को पिछले वर्ष श्रीश्री रविशंकर को सौंपा गया था। अब इन्हीं अवशेष का यात्रा के जरिए देश भर में दर्शन-पूजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग फर्रुखाबाद आश्रम के ट्रस्टी एवं मुख्य संयोजक दीप गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी, महापौर प्रमिला पांडेय के अलावा विशिष्ट अतिथियों में संजीव पाठक, डॉ० अवध दुबे, डॉ० एएस प्रसाद, पनकी हनुमान मंदिर के महंत के अलावा बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य बृजमोहन सिंह व योगेश सचान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वैदिक धर्म संस्थान की स्टेट कोआर्डिनेटर साधना कौशल, सरोज नागरथ, हितेश जैसवाल, कविता तिवारी, सुप्रिया विद्यार्थी के अतिरिक्त आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया कोऑर्डिनेटर पुनीत अवस्थी की विशेष भूमिका रही।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर बालाजी मंदिर में भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यक्रम की जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री सालासर बालाजी मंदिर, कमला टावर में चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी। बुधवार को पत्रकार वार्ता में मंदिर समिति ने विस्तृत जानकारी दी।

समिति के प्रधानमंत्री मदन लाखोटिया ने बताया कि गुरुवार से लेकर चार दिवसी हनुमान जन्मोत्सव का मंदिर में विधिवत पूजन, सवामणी भोग तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके अगले दिन शुक्रवार की शाम चार बजे मंदिर से एक विशाल ध्वजा पद यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी करेंगे। ध्वजा यात्रा में महिलाएं, बच्चे व श्रद्धालु बालाजी की पताकाएं लेकर शामिल होंगे, साथ ही पांच आकर्षक धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। यह यात्रा काहूकोठी, जनरलगंज, बादशाही नाका, धनकुट्टी, शक्करपट्टी, नयागंज, बिरहाना रोड, गीता मंदिर व फीलखाना मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। शनिवार को संगीतमयी सुंदरकांड पाठ एवं रविवार को 31 हजार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। ज्ञानेंद्र विश्नोई, शेषनारायन त्रिवेदी आदि रहे।


नेहरूनगर में बाबा का दरबार सजाया गया। अमृत विचार

### छम- छम नाचे देखो वीर हनुमाना पर झूमे भक्त

**कानपुर।** श्री बाला जी मंदिर नेहरू नगर में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव में श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। इस दौरान हनुमान जी, राधा- कृष्ण और शंकर भगवान की झांकी ने हर किसी का मन मोह लिया। छम- छम नाचे देखो वीर हनुमाना भजन पर हनुमान जी के मनोहारी नृत्य ने श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किया। इस दौरान जय- जय सियाराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले हनुमान जी की प्रतिमा का मनोहारी श्रृंगार किया। इसके बाद महाआरती की गई और फिर भजन गायकों ने प्रभु आपकी कृपा से मेरा सब काम हो रहा है करते हो आप हनुमत मेरा नाम भजन सुनाकर हर किसी का मन मोह लिया। राधा संग भगवान श्रीकृष्ण के रास की झांकी देख श्रद्धालु झूमने लगे। मनिहारी का वेश बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया भजन पर भक्त नाचने लगे। शिव तांडव की झांकी हर किसी के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, संयोजक गीता अग्रवाल, प्रमोद पांडेय, सौरभ तिवारी, मालू गुप्ता आदि रहे।



मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सचान का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव का आयोजन

**कानपुर।** आरपीएस गौरव इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव 'लगन' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सचान रहे। स्कूल की डायरेक्टर आरती कटियार और प्रिंसिपल लकी जैन विशिष्ट अतिथि स्वप्निल वरुण (जिला पंचायत अध्यक्ष) और डॉ. रजत आदित्य दीक्षित (चेयरमैन, यूपी स्पोर्ट्स सेल) आदि रहे।

# धूमधाम से मनाया उत्कल दिवस

**कानपुर।** कल्यानपुर बिठूर रोड स्थित बैकुंठपुर के श्री श्री जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को उत्कल समाज कानपुर द्वारा ओडिशा दिवस (उत्कल दिवस) मनाया गया। कार्यक्रम में बिठूर विधानसभा के विधायक अभिजीत सिंह सांगा मुख्य अतिथि थे कार्यक्रम का शुभारंभ उत्कल समाज के सचिव ई.एस. एस. दास के स्वागत भाषण से हुआ। ओडिशा से आए डॉ. सितांशु शेखर रथ ने उत्कल दिवस के महत्व पर विचार रखे। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुनीता दास ने जगन्नाथ वंदना प्रस्तुत की, वहीं कलाकारों ने पारंपरिक ओडिशी नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया।



मनमोहन नृत्य पेश किया गया। अमृत विचार

# ललना जन्म सुन आई रे कौशल्या मैया, दो बधाई

**कानपुर।** लाठी मोहाल स्थित हजारी लाल मंदिर में रामलला, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की छठी का उत्सव मनाया गया। पंडित रामकुमार बाजपेई रामलला का पंचामृत, औषधियों, तीर्थों के जल से अभिषेक किया गया। सुगंधित द्रव्य अर्पित करके नवीन वस्त्र अलंकार कराया। शरद बाजपेई ने सखी रे छठी मनाओ मंगल गीत गाओ, ललना जन्म सुन आई रे, कौशल्या मैया दे दो बधाई..., छठी पुजाओ गीत सब गाओ, नाचो गाओ धूम मचाओ भजन सुनाकर हर किसी का मन मोह लिया। तत्पश्चात महाप्रसाद में कढी, चावल, पूड़ी का प्रसाद भक्तों को बांटा गया। एमएलसी सलिल विश्नोई, कीर्तन कुमार गर्ग, ऋषि अग्रवाल, ज्ञानेंद्र विश्नोई, संतोष राठौड़, अरुण तिवारी, अनिल गुप्ता अपलू, प्रेम बाजपेई सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित थे।

# आरोप : ऑक्सीजन न मिलने से महिला की चली गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** प्राइवेट अस्पताल संचालक ने वृद्धा की हालत गंभीर देख उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। ऑक्सीजन सपोर्ट देने के एवज में परिजनों से चार हजार रुपये ले लिए, जबकि उन्हें खाली सिलेंडर दे दिया, रास्ते में ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने से वृद्धा की मौत हो गई। पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस से घटना की शिकायत की, इसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, बेटे ने एसीपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की है।


जानकारी देता मृतका का पुत्र।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के नौबस्ता पश्चिमी निवासी कुलदीप संखवार ने घाटमपुर एसीपी कार्यालय पहुंचकर एसीपी कृष्णकांत यादव को शिकायत पत्र देकर बताया कि बीते 16 मार्च को वह अपनी 65 वर्षीय बीमार मां प्रेमा देवी को एक निजी नर्सिंग होम में लेकर गए थे। डॉक्टर ने उन्हें भर्ती कर लिया। दो दिन तक उपचार करने के बाद 18 मार्च की रात लगभग आठ बजे उन्हें कानपुर के एक चेस्ट हॉस्पिटल रेफर कर दिया। आरोप है, कि उनसे अस्पताल संचालक के द्वारा ऑक्सीजन एंबुलेंस का रुपये जमा करा लिया गया, जबकि रास्ते में ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने से उनकी मां की उनके सामने तड़प तड़पकर मौत हो गई। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना देने के साथ सुबह थाने पहुंचकर अस्पताल प्रबन्धन की लापरवाही से मां की मौत होने का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

मृतका के बेटे कुलदीप ने बताया कि जब मां का अंतिम संस्कार करके वापस लौटा और थाने मुकदमे की कॉपी लेने पहुंचा तो पुलिस ने उससे कहा कि मां के शव का पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया, तो मुकदमा क्यों लिखें। कुलदीप का कहना है, कि पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने उन्हें जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि मृतका के बेटे कुलदीप ने उन्हें शिकायती पत्र दिया है, कुछ फोटो संलग्न है, शिकायत पत्र की जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**बिल्हौर।** उत्तरीपुरा चौकी क्षेत्र के लालपुर गांव के पास बुधवार भोर मालगाड़ी की चपेट में आने से 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लालपुर गांव निवासी करन (23) पुत्र देवेश, देर रात अचानक घर से निकल गया था। सुबह लगभग 3:30 बजे ग्रामीणों ने लालपुर और मोहनपुरवा गांव के बीच रेलवे ट्रैक पर एक क्षत-विक्षत शव देखा। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों के अनुसार, करीब छह वर्ष पूर्व करन एक सड़क हादसे का शिकार हुआ था। उस दुर्घटना के बाद से ही वह मानसिक रूप से काफी तनाव में रहता था। उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



प्रमाणपत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

### टीएसएच में 310 ईडब्ल्यूएस बच्चों की खेल प्रतिभा आज परखी जाएगी

**कानपुर।** नगर निगम और कानपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए स्पोर्ट्स प्रमोशन स्कॉलरशिप/सब्सिडी योजना का चयन बुधवार यानि आज किया जाएगा। आठवें बैच के लिए होने वाला ट्रायल सुबह 7 बजे से शुरू होगा, निर्धारित समय से 15 मिनट पहले ट्रायल के लिए पहुंचाना जरूरी है। आयोजन समिति के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखने के लिए समन्वय समिति के सदस्य मौके पर मौजूद रहेंगे। पंजीकरण के बाद खिलाड़ियों का शारीरिक फिटनेस और एप्टीट्यूड टेस्ट पांच-पांच के समूह में कराया जाएगा।

### पतारा में धूमधाम के साथ निकाले जवारे

**घाटमपुर।** पतारा गांव में बुधवार को भक्तों के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह धूमधाम के साथ जवारे निकाले गए। जवारे रायपुर स्थित मां काली शक्ति पीठ से उठकर कानपुर-सागर राज्यमार्ग होते हुए सदर बाजार प्रांगण में पहुंचे, यहां पर भक्तों ने करतब दिखाने के बाद अपनी सांग उतरवाई। जिसके बाद मां के चरणों मे मत्था टेककर आशीर्वाद लिया है। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बे में प्रतिवर्ष की भांति जवारे का आयोजन किया गया। यहां पर युवतियां अपने सिर पर आस्था के जवारे रखकर मां काली शक्ति पीठ तक जाती हैं। वहीं युवक और युवतियां अपने मुह में सांग लगवाते हैं। जिन्हें लगवाकर युवक कस्बे में स्थित सदर बजार प्रांगण में पहुंचते हैं। यहां पर भक्त करतब दिखाने के साथ मां काली शक्ति पीठ का ध्यान करते हुए सांग को उतारवाते हैं। जिसके बाद यहां मेला का आयोजन होता है।

कार्यक्रम

बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 'स्कूल चलो अभियान' का हुआ उत्साहपूर्ण आगाज

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की पहल के तहत 1 अप्रैल से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ हुआ। यहां ककवन और बिल्हौर विकासखंडों में इस अभियान को लेकर भारी उत्साह देखा गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया और विद्यालयों में नए सत्र के नामांकन की प्रक्रिया शुरू करवाई।

**आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ गोद भराई :** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता, सीडीपीओ सुपरवाइजर सुमन, विद्यालय अध्यापक अशोक कुमार यादव, अनुराग पांडे, अमित सिंह समेत भारी संख्या में शिक्षक और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।



स्कूल चलो अभियान के तहत रैली में शामिल होने जाते शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**उत्तमपुर विद्यालय में 17 बच्चों के दाखिले :** ककवन ब्लॉक के उत्तमपुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार व प्रधानाध्यापक शमशुनाहरा सहित अन्य शिक्षकों के बीते 2 महीने की मेहनत रंग लाई और पूरे गांव में बड़ी रैली का आयोजन हुआ। इस दौरान 17 बच्चों के दाखिले हुए हैं जो एक विद्यालय में इतनी बड़ी संख्या में दाखिला होने से अन्य विद्यालय को भी बड़ी प्रेरणा मिली है।

**घाटमपुर संवाददाता के अनुसार :** घाटमपुर के पतारा ब्लॉक में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों ने खंड विकास कार्यालय के सामने स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र के प्राथमिक विद्यालय प्रथम, कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैनर, पोस्टर लेकर रैली निकाली।

इस दौरान शिक्षक नेता प्रदीप कुमार अवस्थी, उदयवीर सिंह भदौरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय पतारा के प्रधानाध्यापक मो. अनस, प्राथमिक विद्यालय प्रथय पतारा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका माला गुप्ता, शौरम पाण्डेय, गुंजन शुक्ला, एआरपी अभिषेक सैनी, तकनीकी शिक्षक पवन पटेल बंदना बत्रा, पुष्पा कुमारी, गरिमा सिंह चौहान, मंजुलता पाण्डेय, लता सिंह, गरिमा सचान, हरीश सचदेवा, सुन्दरम पाण्डेय, नरेन्द्र यादव, गुंजन शुक्ला, श्रीकृष्ण, सहित रहे।

**चौबेपुर संवाददाता के अनुसार :** परिषदीय विद्यालयों में 1अप्रैल से नया सूत्र शुरू होने के साथ स्कूल चलो अभियान का भी शुभारंभ हो गया। सत्र के पहले दिन बुधवार को कंपोजिट विद्यालय चौबेपुर प्रथम में खंड शिक्षा अधिकारी की मौजूदगी में निकाली गई जागरूकता रैली में अभिभावकों से बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराये जाने की अपील की गई।

बीआरसी प्रांगण से निकाली जागरूकता रैली को ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के नामांकित 25 बच्चों को पाठ पुस्तक भी बांटी गईं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, आरपी प्रतिमा, स्वर्णिम शर्मा, मीनाक्षी, विशाल तिवारी, नोडल संकुल देवेश मिश्रा, प्रधानाध्यापिका राबिया अंजुम, अंजलि, अनुपम त्रिवेदी के साथ शिक्षक बीआरसी का स्टाफ मौजूद रहा। खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर आनंद पटेल रैली में शामिल हुए।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**चौबेपुर।** क्षेत्र के पूरागनू गांव में बुधवार दोपहर अज्ञात परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पूरागनू गांव निवासी रामआसरे यादव के दो पुत्रों में छोटा बेटा संदीप ट्रक चालक व अविवाहित था। कुछ दिनों से संदीप परेशान रहता था। घर वालों द्वारा तमाम पूछे जाने के बावजूद उसने कोई भी बात परिजनों को नहीं बताई। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे संदीप ने घर के आंगन में लगे लोहे के जाल के सहारे फांसी लगा ली। बेटे को फंदे पर लटकता देख परिजनों के होश उड़ गए और आनन फानन उसको नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान पता मीनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे व मेरे पिता के इसी सही नाम को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान निवासी मीनापुर कानपुर देहात**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपना नाम ABDUL QADIR RIZVI से बदल कर ABDUL QADIR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD ISLAM R/O: AGAIYA CHAURAHA, PARSA AGAIYA, PO- HANDA BASEHRI, BAHRAICH

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1232685910 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। नाम– **लायबा खान पुत्री मेराज खान निवासी मोहल्ला महराजगंज नई बस्ती उतरौला रोड जिला गोंडा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह पता बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह निवासी बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात**

**सूचना**
मेरे पुत्र संजय कुमार व पुत्र वधू साधना देवी पत्नी संजय कुमार के चालचलन ठीक न होने, बात न मानने, आये दिन परिवार में झगड़ा करने से घर में अशांति का वातावरण बना रहता है। समझाने पर भी दोनों आदतों से बाज नहीं आ रहे। इसीसे परेशान होकर मैने दोनों से सम्बंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। इन दोनों की ओर से किये गये किसी भी कार्य के वह खुद के जिम्मेदार होंगे। **राम प्रकाश पुत्र बाबू रामनिवासी वसावनपुर्वा, मौजा व थाना ठठिया जनपद कन्नौज।**

